निर्णय रतलाम मंडल के हिस्से में आएंगे 40 से अधिक

2500 टीटीई को रेल मंत्रालय की हरी झंडी

सिटी रिपोर्टर. रतलाम

रेलवे ने शनिवार को टिकट चैकिंग स्टॉफ में 2500 सदस्य और बढ़ाने को हरी झंडी दिखाते हुए नियुक्ति का निर्णय लिया है। 40 से अधिक टीटीई रतलाम मंडल में आने की संभावना है।



एनएफआईआर के महामंत्री एन. राघवैया की पिछले दिनों मुंबई में रेलवे बोर्ड चेयरमैन व रेलमंत्री से मुलाकात हुई थी। इसमें टिकट चैकिंग स्टॉफ के करीब 9500 पद भरने की मांग उठाई थी। वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ के महामंत्री एससी खटवानी, कमर्शियल ब्रांच 2 के चेअरमैन नितिन कलंकी ने बताया शनिवार को मांग पर अमल करते हुए रेलवे ने ये निर्णय लिया। मजदूर संघ के महामंत्री जे. जी. माहूरकर ने जब इसकी जानकारी मजदूर संघ कार्यालय भेजी तो रेलकर्मियों के चेहरे खिल गए।

मंडल में बहुत कमी

टिकट चैकिंग स्टॉफ की रतलाम मंडल में काफी कमी है। फिलहाल रतलाम, इंदौर, महू, उज्जैन व चित्तौड़गढ़ लॉबी में 488 टीटीई, टीसी व अन्य स्टॉफ पदस्थ है। इनमें से रतलाम में 228, इंदौर में 146, महू में 22, उज्जैन में 74 व चित्तौड़गढ़ में 18 टीटीई पदस्थ हैं। 105 से अधिक पद खाली हैं। स्वीकृत पद करीब 20 साल पुराने हैं। इसके बाद ट्रेनों की संख्या तीन गुना बढ़ गई है। स्टॉफ की कमी के कारण अक्सर एक-दो टीटीई के भरोसे पूरी ट्रेन छोड़ना पड़ती है। इससे यात्रियों को सबसे ज्यादा मुश्किल होती है। इंदौर लॉबी में टीटीई की ज्यादा कमी है। कई बार स्थिति ऐसी बनती है कि ट्रेन इंदौर से बिना टीटीई के रवाना कर दी जाती है और उज्जैन या रतलाम से टीटीई ट्रेन में चढ़ते हैं।

Sarkari New Job